इन्द्रजीत अस विनय सुनाई * पूर्व भव दीजै समझाई ॥
मुनि ने पूर्व भवों का हाला * कहना किया समझ तत्काला ।
मुनि बोले मन हर्ष बढ़ाई * सुनिये अप तुम श्रवण लगाई ॥

दोहा

भरत क्षेत्र के बीच में * नग्र कौसम्बी जान ।
निर्धन ग्रहस्थी के भये * दोनों भ्रात समान ॥६५७॥

बहर खड़ी

प्रथम पश्चम था शुभ नामा * रहते कर दोनों आरामा ।
भगवत्त मुनि उस नगर पधारे * सुना धर्म मन में हर्षा रे ॥
दिक्षा ले भये शान्ति रूपाई * विचरे मन अति शान्ति बढ़ाई
फिर कौशम्बी नग्र पधारे * होय वसन्तोत्सव अति भारे ॥
क्रीड़ा करते नृप अविलोका * मन म वह आनद विलोका ।
पश्चम मुनि ने किया नियाना * प्रथम ने जब यह पहिचाना ॥
प्रथम मुनि ने बहु समझाया * तेरी समझ में येक न आया ।
मर कर इन्दुमती के जाया * रति वर्द्धन शुभ नाम सु पाया ॥

दोहा

राजा होकर राज का * करन लगे शुभ काज ।
मन आनद मनाय के * लगे भोगने राज ॥ ६५८ ॥

चौपाई

प्रथम मुनि तप कर अति भारा * देवलोक पांचवें सिधारा ।
अवधि ज्ञान जब देव लगाया * क्रीड़ा रति भ्रात को पाया ॥
सुर ने मुनि का रूप बनाया * देन देशना भू पर आया ।
रतिवर्द्धन ने आसन दीना * मुनि ने सत उपदेश सु कीना ॥
पूर्व भव का हाल सुनाया * सुन कर रति वर्द्धन मन लाया ।

फिर कुम्भकरन आदिक को आ० श्रीराम लखन ने छोड़ दिया।
धीरज सब को दीना हुआ ० शत्रुता से मुख का मोड़ लिया
सम्बन्धी हितु मिले सारे ० सब रख हुये संपुरखाई है।
चन्दन जो असल बावना था ० उस से रच चिता रचाई है॥
ले अगर कपूर आदि वस्तु से ० सस्कार मिल कीना है।
स्नान आदि कर के सब ने ० रघुवर चरनों मन दीना है॥

दोहा

दोनों भ्रातों ने कहा ० कुम्भकरन से आय।
राज करा तुम पूर्ववत् ० मन आनंद मनाय॥६५५॥

चौपाई

बोले राम वचन हुलाई ० करो राज अपना सुख पाई।
चाह न सम्पति की मन मेरे ० सुख पाओ सुख साज घनेरे॥
समरा में चाहूँ कल्याना ० कुम्भकरन तुम भाँति सुजाना।
सुन कर राम वचन अस बोले ० कुम्भकरन पट घट के खोले॥
भुज विशाल मेरी तुम लीजे ० करुणा अब हम पर प्रभु कीजै।
नहीं राज की हम का इच्छा ० अब हम को प्रभ लेनी दीक्षा॥
तज झंझट को दीक्षा धारें ० अपना आतम काज सँमारें।
मोक्ष धाम का काज सँभारें ० तप संयम नहिं मन से हारें॥

दोहा

मुनिवर का आना हुआ ० कुसुमायुध उद्यान।
उसी रात में मुनि को ० प्रकटा केवल ज्ञान॥६५६॥

चौपाई

अप्रमेय बल मुनि का नामा ० जहँ विचरें करें पावन धामा।
केवल उत्सव को सुर आये ० जै जै कार गगन ध्वनि छाये॥
प्रात उठे श्री राम सुजाना ० कुम्भकरण आदिक बलवाना।

मंगल मोद भरा घर-घर में * आनंद छाया लंका भर में।
लंकागढ़ को राम निहारा * वन अशोक में चलन विचारा॥

दोहा

पुष्प गिरी निकटस्थ ही * पहुँचे राम सुजान।
जहँ बैठी थी जानकी * मन में शोक महान् ॥६६१॥

चौपाई

हनुमंत ने जो हाल सुनाया * उसी हाल में सिय को पाया।
द्वितीय जीवन सम निज नारी * रघुवर ने निज तट बैठारी॥
यह लख सुर गण मन हर्षाये * नभ से पंकज सुम बर्षाये।
जय जय महासती सीता की * पति-पद-रतिगुण गण गीता की
लक्ष्मण सी के चरन सिर धारा * हृद प्रभु चले ज्यों परनारा।
सूँघा मस्तक सीय लखन का * आशीर्वाद दिया खुश मन का॥
चिरजीवी हो लखन पियारे * चिर आनंदी रहो हुलारे।
शत्रु सनमुख रहो विजेता * सत पुरुषों के बनो निकेता॥

दोहा

भामण्डल नृप सिर झुका * सिय को किया प्रणाम।
भाई को मन हर्ष के * दी असीस सुख धाम ॥६६२॥

चौपाई

कपि पति और विभीषण धीरा * सिय के चरन छुये धर धीरा।
अंगद हनुमान हर्षा के * सिय के चरन पड़े हैं जा के॥
भुवनालंकृत हाथी मँगवाया * राम सिया को सग बैठाया।
संग विभीषण निर्भर धीरा * सुग्रीवादिक सब रण धीरा॥
रावण के जा महल निहारे * सहस्र थम्भ के महल पधारे।
कहैं विभीषण नाथ पधारो * मुझ चरनों का दास विचारो॥
वचन विभीषण का हरि माना * प्रेम विभीषण को पहिचाना।

प्रगटा जाती स्मरण ज्ञाना * हुआ पूर्व भव का जब माना ॥
तज कर संसार दीक्षा धारी * रतिवर्द्धन हुये व्रतधारी ।
संयम से तप किना भारा * देवलोक पांचवें पधारा ॥

दोहा

सुर पुर की पूर्ण करी * आयुष दोनों संग ।
महा विदेह में विबुधपुर * जन्मे हुआ रस रंग ॥८५६॥

चौपाई

दोनों प्रगटे नृप घर भाई * पूर्व पुण्य शुभ समकित पाई ।
तप में दोनों चित्त लगाये * देव लोक धारवें सिधाये ॥
सुर पुर से चय कर युग भाई * दशकधर ग्रह जन्मे आई ।
इन्द्रजीत घनवाहन साता * यहाँ आकर हुये दोनों भ्राता ॥
इन्दुमति सधुतिक भव पाके * मंदोदरी भई यहाँ आ के ।
सुन कर पूर्व भव युग भाई * लीनी दीक्षा मन हुलाई ॥
शुभकरम मंदोदरि रानी * दीक्षा ले तप की मन ठानी ।
तप संयम में सुमन लगाया * समझा अनित्य अथिर यह काया

दोहा

मुनिवर को कर वंदना * किया राम पयान ।
जहँ शिविर था राम का * पहुँचे उस स्थान ॥ ६६० ॥

चौपाई

लक्ष्मण राम चले युग भाई * कपि पति संग चले हर्षाई ।
चले संग भजनी कुमारा * विजय हुए जिनके मन भारा ॥
नाना वाहन संग में लीने * गमन हर्ष लंका पुर कीने ।
लंका को अति ही शृंगारा * देख मुदित मन हो अति भारा ॥
आगे चले विभीषण जाते * रघुवर को मार्ग दिखलाते ।
विद्याधरी गान शुभ गावें * भर अंजलि पुष्प वर्षावें ॥

दोहा

कुम्भकरण नर्बदा तट * किया मन हुलसाय ।
संथारा कर मुक्ति को * पहुँचे हैं मुनिराय ॥६६५॥

चौपाई

अवधपुरी में कौशिल माता * याद करे सुत की दिन राता ।
सऊमित्रा कुलदेव मनावें * कब तक दर्शन पुत्र दिखावें ॥
चिंता सुत की हृदय समाई * मिलें राम कब हर्ष बढ़ाई ।
इस अवसर नारद मुनि आये * रानिन ने झुक शीश नमाये ॥
कर सत्कार ऋषी बैठारे * देख ऋषी के वचन उचारे ।
मन मलीन कहि कारण रानी * सत्य कहो सब बात सुरानी ॥
उत्तर दिया कौशल्या माता * राम लखन की खबर न आता ।
आज्ञा पितु की शीश चढ़ा के * पुत्र वधु सुत वन गये जा के ॥

दोहा

सीता को हर विपन से * ले गया रावण राय ।
हुआ युद्ध उन स वहाँ * सुनो ऋषी चित लाय ॥६६६॥

चौपाई

शक्ति लखन के हृदय मारी * हुआ मूर्छित सुत यशधारी ।
योद्धा सेन विशल्या आये * ले लंका वो तुरत सिधाये ॥
आगे हाल न कुछ भी पाया * इस कारण हृदय घबराया ।
इतना कह रानी विलापे * हाय हाय कर रुदन मचावे ॥
नारद मुनि ने ढाढस दीना * तुम ने सोच वृथा ही कीना ।
नारद तुरत पथ निज लीना * चरण आय लंका में दीना ॥
कर सत्कार राम बैठाया * आसन दे कर मोद बढ़ाया ।
आने का पूछा सब कारन * सुन कर नारद लगे उचारन ॥

दोहा

माताओं का दुःख सब * नारद दिया सुनाय ।

भोजन आदिक से सतकारा * मणी सिंहासन पर बैठारा ॥

दोहा

युगल चरन पखराय के * बोले वचन समार ।
स्वामी करुणा दृष्टि से * सेवक ओर निहार ॥६६३॥

चौपाई

सुवर्ण रत्न आदि भंडारा * कोष सैन सब शस्त्रागारा ।
राक्षस द्वीप महत्व प्रभु कीजे * चरण सिंहासन चल कर दीजै ॥
मैं सेवक बन कर सियकाइ * करूँ सेव पद की दृढ़ाई ।
लंका का अधिकार समारो * पावन करो राज यह सारो ॥
विनय दास की चित्त में दीजे * अनुग्रहीत प्रभु हमको कीजे ।
सुन कर हरि ने उत्तर दीना * राज तिलक प्रथम ही कीना ॥
प्रेम विवशमय भूले कैसे * भक्ति विवश हो गये तुम ऐसे ।
भक्त विभीषण समझा दीना * मन में राम चितवन कीना ॥

दोहा

मन विचार श्री राम ने * बिठा विभीषण पास ।
हर प्रकार समझाय कर * दीना है विश्वास ॥६६४।

चौपाई

राम विभीषण पै चित दीना * राजतिलक लंका का कीना।
इन्द्र भवन में सुरपति जैसे * रावण महल राम गये तैसे ॥
विद्याधरों की सुता दुलाई * थी जिन हित उनको परणाई ।
खेचरियों ने मंगल गाये * अद्भुत बाज सु साज बजाये ॥
सुग्रीव आदिक वानर राजा * करें राम सेवा का काजा ।
पटवर्ये आनंद मनाया * मन माता से मिलना चाया ॥
इन्द्रजीत घन वाहन भाये * अमल मरु स्थली में आये ।
मुक्ति गये कर के तप भारे * अपने आतम काज सँमारे ॥

चौपाई

सुनत भरत मन में हर्षाये ॥ हनुमत को घट कंठ लगाये।
भरत शत्रुघन दोनों भाई ॥ करि पै बैठ चले हैं धाई ॥
स्वागत हित कर के तैयारी ॥ धाये तुरत हर्ष मन धारी।
भ्रात देख आकाश विमाना ॥ भरत मोद अति मन में माना ॥
हाथी से नीचे युग आये ॥ भरत शत्रुघन हृय घबराये।
देख भरत को राम सुजाना ॥ हृदय आदृ प्रेम समाना ॥
भूमि उतारा वायुयाना ॥ मोद नहीं मन माँहि समाना।
राम लखन दोनों युग भ्राता ॥ देख भरत को मन मुशकाता ॥

दोहा

भरत शत्रुघन दोड़ कर ॥ चरण पड़े हैं आय।
राम लखन ने उठा कर ॥ लीना कंठ लगाय ॥६७०॥

चौपाई

मस्तक चूम देह रज झाड़ी ॥ प्रेमातुर भय मन में भारी।
चारों भ्रात बैठ कर याना ॥ हुये अवध को तुरत रवाना ॥
घन मंडल भूमंडल साजे ॥ सुर सब बजा रहे हैं बाजे।
पुर वासिन की भीर अपारा ॥ अनिमिष देख रहे इक धारा ॥
जै जै कार अवध में भारी ॥ गुण गावें मिल नर अरु नारी।
पास महल के गया विमाना ॥ देख महल मन मोद समाना ॥
मुक्ता कनक पुष्प बर्षावें ॥ नारी हँस बधावे गावें।
जैसे जलधर की हो धारा ॥ ऐसे बर्षे कनक अपारा ॥

दोहा

तुरत उतर माता [illegible] ॥ आये राम सुजान ।
चरण पड़े हर्षाय कर ॥ देखा घर के ध्यान ॥ ६७१ ॥

चौपाई

सब के चरण छुये रघुवर ने ॥ प्रेम लगीं मातायें करने।

व्योग तुम्हारे में रही ✲ माताजी विलखाय ॥६६७॥

चौपाई

सुन कर राम सुःख मन पाया ✲ तुरत विभीषण पास बुलाया।
तुम से अति प्रसन्न हम भाई ✲ अब तुम विदा करो हर्षाई ॥
दर्शन जाये मात के पाये ✲ उनकी पद्-रज शीश चढ़ाये।
दो सप्ताह और तुम रहिये ✲ पन्द्रह दिन पीछे प्रभु जइये ॥
यह सुन राम वचन जब बोले ✲ अपने पुन घट के पट खोले।
माता को गगा सम जानूँ ✲ तीर्थ रूप मात पहिचानूँ ॥
गर्भ माँहि माता नव मासा ✲ रक्खे उठाये सारे त्रासा।
पोषण करें सुमन हर्षावे ✲ वे आराम आप दुख पाये ॥

दोहा

भेजे कारीगर तुरत ✲ लकापति हर्षाय।
जा शृँगारो अवध को ✲ थार करो मत माय ॥६६८॥

चौपाई

लका के कारीगर आये ✲ सुगर अयोध्या धाम सजाये।
इन्द्रपुरी सम अवध बनाई ✲ अमर पुरी सब लज्जा खाई ॥
नारद शीघ्र गमन कर आये ✲ समाचार शुभ आय सुनाये।
माता मोद कौशिल्या माई ✲ फूली अति नहीं हर्ष समाई ॥
दिवस सोलवें सजा विमाना ✲ बैठ राम लखन गुणवाना।
रामिन सग चले युग भ्राता ✲ सुरपति युगल संग जिम जाता।
सग सुग्रीव विभीषण राजा ✲ भामण्डल सग सकल समाजा ॥
हनुमान अतुलित बलधारी ✲ राम लखन के चले अगारी ॥

दोहा

निकट अयोध्या आ गई ✲ हनुमत पहुँचे आय।
समाचार सब मोद युत ✲ दिये तुरत सुनाय ॥६६९॥

राम का राज्याभिषेक

दोहा

राज बहुत किया मैंने * सुनो भ्रात धर ध्यान।
आज्ञा पाली आपकी * कर चरणों का मान ॥६७३॥

चौपाई

अब अपना तुम राज सभारो * प्रजा को कीजे निस्तारो।
जो चित आज्ञा पै नहिं देता * तो पित संग दीक्षा लेता ॥
मैं जग से अब हुआ निराशा * अब कीजे पूर्ण मम आशा।
राज प्रभु अपना अब लीजे * राज काज निज कर स कीजे॥
प्रभु नयन भर कर रघुराया * भरत भ्रात का वचन सुनाया।
भ्रात आपने क्या मन ठाना * जो यह शब्द पड़े मम काना॥
आप बुलाये हम यहाँ आये * अब तुमने क्या वचन सुनाये।
जैसे राज आज तक किया * राज काज अब तक चित दिया॥

दोहा

जाते हो अब तज हमें * आप राज के साथ।
प्रथम भाँति मम आज्ञा * अब भी मानो भ्रात ॥६७४॥

चौपाई

आग्रह देख भरत उठ धाये * लक्ष्मण ने कर पकड़ बिठाये।
देखा भरत भूप को सीता * बोली वचन सुखद कर प्रीता॥
जल क्रीड़ा हित समझाया * तुरत विशल्या वचन सुनाया।
आग्रह जान भरत मुसकाना * वचन विशल्या का मन माना॥

आशीर्वाद दिया हर्षा के ☆ फूलो फलो पुत्र हर्षा के ॥
सीता और विशिल्या आई ☆ चरन पड़ीं मन में हर्षाई।
आशीर्वाद हष कर दीना ☆ प्रेम सहित मन में सुख कीना॥
यनों वीर पुत्रों की माता ☆ दे सद्बुद्धि तुम्हें विधाता।
बार बार कौशल्या माता ☆ पूछे लक्ष्मण से कुशलाता॥
हो प्रसन्न हाथ सिर फेरे ☆ कहे धन्य धन्य पारुष तेरे।
जीता दशकन्धर बलधारी ☆ बल पराक्रम दिखाया भारी॥

दोहा

दर्श मिले सद्भाग स ☆ पुत्र तुम्हारे आय।
पुनर्जन्म तुमरा हुया ☆ हुआ पुण्य सहाय॥ ६७२॥

चौपाई

तुम सेवा से सीता रामा ☆ कुशलक्षेम रहे वन धामा।
लक्ष्मण कहें सुनो हो माता ☆ आय बन्धु राम बड़ भ्राता॥
पिता तुल्य करते मम पालन ☆ सीता मात समझ निज लालन
दोनों न मन में दुख दीना ☆ पालन पुत्र समान ही कीना॥
मर कारन ही बन धामा ☆ राघव से हुआ संग्रामा।
सीता हरी मेरे ही कारन ☆ ऐसा लक्ष्मण किया उच्चारन॥
मुझ कारन आपत्ति उठाई ☆ सकट सहे बहुत ही भाई।
रिपु सागर को करके पारा ☆ आ के तुमरा चरन निहारा॥

सुरादयो चन्द्रोदय धाये * भव भव भ्रमण किया दुख पाये ॥
गजपुर नृप के हुये सलामा * हुया कुलकर जिसका नामा ।
सुरोदय भी द्विज के घर आया * श्रुति रति नाम उन्होंने पाया ॥

दोहा

एक दिवस नृप कुलकर * तापस आश्रम माँहि ।
मार्ग में मुनि मिल गये * अवधज्ञान जिन छाँहि॥६७७॥

चौपाई

अभिनन्दन मुनि पथ पाये * नृप को ऐसे वचन सुनाये ।
जिनके निकट आप नृप जाते * वह पंच अग्नि तपन तपाते ॥
उस लक्कड़ में है इक व्याला * जो उस में रह कर प्रतिपाला ।
उसको पिता मात निज जानो * उसको जाकर के पहिचानो ॥
रक्षा करो उस सर्प की जा के * हाल दिया तुम को समझा के ।
सुन कर शीघ्र भूप उठ धाया * तापस के आश्रम में आया ॥
फड़वाया वह लक्कड़ जा के * विस्मय हुये सर्प को पा के ।
भूप कुलकर के मन आया * दीक्षा धारण करना चाया ॥

दोहा

श्रुति रति द्विज वहँ आ गया * बोला वचन समार ।
अंतिम आयु में नृपत * लेना दीक्षा धार ॥ ६७८ ॥

चौपाई

सुन कर हुआ लोप उत्साहा * लख पक्ष माँहि रहा मर नाहा ।
थी दामी रानी है तासा * श्रुति रति से वह करत विलासा
दुर्मति रानी को हुई शंका * मेरा भेद समझे नृप बंका ।
मारेगा निश्चय नृपाला * ऐसा सोच समय को टाला ॥
सलाह करी श्रुति रति से जाई * राजा को दें अब मरवाई ।

तानिन सहित भरत तब धाये ॥ तीर सरोवर के झट आये।
जल क्रीड़ा कीनी सुखदाई ॥ एक महूर्त सब हर्षाई॥
राज हंस की भाँति निकल कर॥ आये हैं सरवर के तट पर।
भुवलाँछन हाथी मदमाता ॥ देखा भरत भूप ने भ्राता॥

दोहा

देखा है जब भरत को ॥ हाथी दृष्टि पसार।
गया उतर मद करी का ॥ हुवा जै जै कार॥६७५॥

चौपाई

सुन कर करि को द्वन्द मचाते ॥ राम लखन आये झुंझलाते।
हाथी घट हथशाल पठाया ॥ संग महावत के भिजवाया॥
केवल ज्ञानी मुनि पधारे ॥ कुल भूषण देश भूषण भारे।
राम लखन मिल दोनों भाई ॥ भरत शत्रुघन मन हर्षाई॥
चारों भ्रात संग परिवारा ॥ वंदन करने हेत पधारा।
कर वंदना बैठ मुनि पासा ॥ पूछन लगे पूर्व भव भ्यासा॥
भुवलांछन हाथी मदमाता ॥ दख भरत को भया सिहाता।
देश भूषण मुनि केवल धारी ॥ मुख से देसी गिरा उचारी॥

दोहा

ऋषभदेव के संग नर ॥ दीक्षित चार हजार।
भगवन के संग विचरकर ॥ चले करन मन धार॥६७६॥

चौपाई

मौन धार कर विचरन लागे ॥ ममत मोह निज तन से त्यागे।
शुद्ध मिले नहीं भोजन पानी ॥ निराहार विचरे मुनि ज्ञानी॥
सहन हुई नहिं भूख पियासा ॥ और मुनि हुये फिर त्रासा।
तापस बन गये मुनी अनेका ॥ विद्यावान एक से एका॥
सुप्रभ नृप के सुत अभिरामा ॥ चंद्रोदय था जिसका नामा।

दर्शी हेत अब चरम पढ़ाया * मार्ग बीच सर्प ने खाया।
शुभ गतियों में भ्रमण कीना * जन्म विदेह में आकर लीना॥

दोहा

अचल नाम सम्राट् के * पैदा हुए आय।
प्रिय दर्शन शुभ नाम से * हुआ अलकृत चाय॥ ६८१॥

चौपाई

सयम लेने को मन चाया * पिता सयम को नहिं ठुकराया।
तीन हजार कन्या तस ब्याहीं * सुख पावे मन में हर्षाई॥
चौसठ सहस वर्ष पर्यन्ता * धर्माचरण किया गुणवन्ता।
मर कर पंचम स्वर्ग सिधारे * व्रत उपवास बहुत किये सारे॥
चव मर कर पोतनपुर आया * अग्नि मुखि द्विज पुत्र कहाया।
कर अनीत नहिं नीत सँभाला * द्विज ने घर से तुरत निकाला॥
इधर उधर वह भटकन लागे * सीखन कला समय पर लागे।
धूर्त बना अपने मह आया * आ कर काज करन मन चाया॥

दोहा

अत समय सयम लिया * पाला दृढ़ मन लाय।
मर कर हुआ देवता * पचम सुर पुर जाय॥६८२॥

चौपाई

पूर्व कपट जो मन में आया * गज का जन्म यहाँ पर पाया।
प्रिय दर्शन का जीव सुख पाई * हुए भरत आप के भाई॥
देख भरत को निज मन माना * उपजा जाति स्मरण ज्ञाना।
उत्तम भव इस कारण तिस का * हाल बताया तुमको जिसका॥
सुन कर नृप भये वैरागा * सयम से धारा अनुरागा।
एक सहस नृप साथे समाजा * दीक्षा ली भरत महाराजा॥
किया तप अति ही मन धारी * मोक्ष पंथ की करी तयारी।

समय सोच कर कारज किया ॥ रानी नृप को मरवा दिया ।
श्रुति रति द्विजभी मरण पाया॥ दोनों भव भव में भ्रमाया
बहुत काल बीता इस भाँती ॥ दुख पाते युग दिन और राती

दोहा

जनम लिया द्विज महल में ॥ दोनों ने इक साथ ।
कपिल ब्राह्मण के तनय ॥ हुये दोनों भ्रात ॥ ६७६ ॥

चौपाई

नाम विनोद रमण युग जानो ॥ रमण गया पढ़ने मन मानो ।
विद्याध्ययन किया हर्षाई ॥ आये पुन मन हर्ष बढ़ाई ॥
बीत गई निशा अति अधिकाई ॥ नग्र बीच नहीं गमने भाई ।
यक्ष महल में सोय आ के ॥ सोचा जायें रात बिता के ॥
तिय विनोद की महलों आई ॥ देखा मित्र को मन हर्षाई ।
पृष नहीं उसके गृह आया ॥ रमण संग उन प्रेम लगाया ॥
शाखापति विनोद जब आया ॥ तुरत रमण को मार गिराया ।
शाखा ने विनोद को मारा ॥ भव भव में भ्रमा जग सारा ॥

दोहा

दोनों जा पैदा हुये ॥ इक धनाढ्य ग्रह जाय ।
इक प्रसिद्ध धन नाम से ॥ इक भूषण भव थाय ॥६८०॥

चौपाई

ब्याहीं उसको बत्तीस नारी ॥ एक एक से रुप अधिकारी ।
इक दिन निशा के चौथे पहरा ॥ बैठ विचार करे मन गहरा ॥
इसी समय श्री धर मुनि राया ॥ निर्मल केवल ज्ञान उपाया ।
केवल ज्ञान की करने महिमा ॥ सुर आय हर्ष सु मैना ॥
केवल उत्सव अति हर्षा के ॥ देखा भूषण मोद बढ़ा के ।
धर्म भाव मन में बढ़ आये ॥ दर्शन हेत सुमन मन लाये ॥

दोहा

उन रघुवर के धर्म से * सुखिया सब नर नार।
अधिक नहं युग आत में * दृष्टि पड़े सर सार ॥६८५॥

चौपाई

जलधर अधिक मेघ बरसावें * कृषिक सारे आनन्द पावें।
सुरभि दुग्ध दें अधिकाई * अधिक फूल फल प्रगटे आई॥
होय लाभ वाणिज्य में भारा * अधिक काज हों जग में सारा।
चाकर अधिक आज्ञाकारी * अति उत्तम सैना सरकारी॥
अधिक पुत्र कलित्र होय सुखारा* कमला किलोल करे अति भारा।
अधिक दान तप शील अपारा * अधिक होय तप सब प्रकारा॥
अधिक भावना पूज्य सुपावन * करणी अधिक होय सुख धावन।
पावा अधिक अधिक समायक * अधिकाचार होय शुभ लायक॥

दोहा

अधिक सर्व सुख अवध में * अधिक बढ़ा अधिकार।
प्रगटे अति धर्मम जहँ * होता जै जै कार॥ ६८६॥

चौपाई

क्रोधी कायर क्रूर न देशा * हिंसा झूँठ नहीं लवलेशा।
नहीं चोर नहीं लम्पट जारा * नहीं लोभी नहीं द्वेष लिगारा॥
वाद विवाद नहीं पर निंदा * प्रजा सब करती आनन्दा।
नहीं कराल काल विकराला * नहीं विभ्रम नहीं कुष्ठ जंजाला॥
नहीं प्रपंच रघु पुर माँही * जहाँ बरते आनन्द सदा ही।
नहीं जार नहीं कोइ व्यभिचारी * ऐसी प्रजा है सुखकारी॥
जहँ की उपम नहीं जग माँही * जहाँ राज करें राम गुसाइ।
आनन्द जहाँ रात दिन छाया * सब दस सब के मन भाया॥

दोहा

दिया राक्षस द्वीप भी * भक्त विभीषण राज।

सवारा कर मुक्ति पधारे ॥ होते जिनके जै जै कार ॥

दोहा

सकल प्रजा कर आग्रह ॥ गई राम के पास ।
पावन सिंहासन करो ॥ सुनो मेरी अर्दास । ६८३॥

चौपाई

खेचर वृन्द करै अरदासा ॥ पूर्ण करो प्रजा की आशा ।
राज अवध का नाथ सँभारो ॥ शशि मुकुट त्रिखण्ड का धारो ॥
यह सुन बोले राम सुजाना ॥ लक्ष्मण करै अवध का थाना ।
लक्ष्मण है अष्टम वसुदेवा ॥ इन ही की सब करिये सेवा ॥
परामर्श सब ने स्वीकारा ॥ सिंहासन लक्ष्मण बैठारा ।
प्रथम कलश लक्ष्मण पै ढाला ॥ किया महूर्त शुभ तत्काला ॥
वासुदेव पद का उत्सव कर ॥ जै जै कार करें सब मन भर ।
उत्सव पुन बलदेव का कीना ॥ हर्ष बढ़ा कर मुद मन दीना ॥

दोहा

लक्ष्मण वासुदेव आठवें ॥ हरि अष्टम बलदेव ।
राज करो मन हर्ष के ॥ सुर नर सारे सेव ॥ ६८४ ॥

चौपाई

वासुदेव बल का नहिं पारा ॥ सेव करें सुर आठ हजारा ।
रहें सदा बलदेव उदारा ॥ सेवक जिन सुर चार हजारा ॥
सोलह हजार दश जिन माना ॥ राजा रहें उपस्थित नाना ।
हयवर गयवर रथवर भारे ॥ पैंतालीस लाख मन धारे ॥
अड़तालीस क्रोड़ दस सैना ॥ जिनका निरर्थक आय न वैना ।
वर्ते जग में आन अखन्डा ॥ सेवक सुर करें राज प्रचण्डा ॥
सब जग का जब मालिक रामा ॥ हमें राज से फिर क्या कामा ।
राज भ्रात लक्ष्मण को दीना ॥ हर्ष मान यह कारज कीना ॥

दोहा

उन रघुवर के धर्म से * सुखि गा सब नर नार।
अधिक मह युग आस में * दृष्टि पड़े सर सार ॥६८५॥

चौपाई

जलधर अधिक मेघ बरसावें * कृषिक सारे आनन्द पावें।
सुरभि दुग्ध में अधिकाई * अधिक फूल फल प्रगटे आई॥
होय लाभ वाणिज में भारा * अधिक काज हो जग में सारा।
चाकर अधिक आज्ञाकारी * अति उत्तम सेवा सरकारी॥
अधिक पुत्र कलित्र होय सुखारा * मजा किलोल करे अति भारा।
अधिक दान तप शील अपारा * अधिक होय तप सब प्रकारा॥
अधिक भावना पूज्य सुपावन * करणी अधिक होय सुख चावन।
पापा आधिक अधिक समायक * अधिकाचार होय शुभ लायक॥

दोहा

अधिक सर्व सुख अवध में * अधिक बढ़ा अधिकार।
प्रगटे अति धर्मग जहँ * होता जै जै कार॥ ६८६॥

चौपाई

क्रोधी कायर क्रूर न देखा * हिंसा झूँठ नहीं लवलेशा।
नहीं चोर नहीं लम्पट जारा * नहीं लोभी नहीं द्वेष लिगारा॥
वाद विवाद नहीं पर निंदा * प्रजा सब करती आनन्दा।
नहीं कराल काल विकराला * नहीं विघन नहीं कुछ जंजाला॥
नहीं प्रपच रघु पुर माँही * जहाँ बरते आनन्द सदा ही।
नहीं जार नहीं कोइ ठगारी * ऐसी प्रजा है सुखकारी॥
जहँ की उपम नहीं जग माँही * जहाँ राज करें राम गुसांई।
आनन्द जहाँ रात दिन छाया * सब दस सब के मन भाया॥

दोहा

दिया राक्षस द्वीप भी * भक्त विभीषण राज।

कपिपति को कपि द्वीप का * सौंपा सारा काज ॥६८७॥

चौपाई

हनुमत को श्री पुर का राजा * सौंपा राम करो सब काजा ।
दी विराध को लंक पयाला * नील ऋक्ष पुर राज सँभाला ॥
मित सुय को हनुपुर हरि दिया * रत्न जटी यथोगति किया ।
भामण्डल रथनुपुर दिया * जहाँ राज नृप ने जा किया ॥
यथायोग सब को दे देशा * सब को खुश कर राम नरेशा ।
शत्रुघन से हरि फ़रमाया * लेवो देश जो कुछ मन भाया ॥
मथुरा देश तेरे मन भाया * जिसमें संकट होय सुभाया ।
मथुरा का मधु नृप है राजा * करे जहाँ वह सब सुख काजा ॥

दोहा

चमर इन्द्र ने शूल एक * जिसको किया प्रदान ।
रिपु को हन आवे तुरत * उस में गुण यह महान ॥६८८॥

चौपाई

आप निशाचर गढ़ सर कीना * राज विभीषण को फिर दीना ।
मधु को क्या नहिं जीत सकूँगा * यह उपाय मैं आप करूँगा ॥
शत्रुघन का आग्रह जाना * देना मथुरा का मन ठाना ।
आज्ञा पाये शत्रुघन धाये * दल बल से मथुरापुर आये ॥
अक्षय बाण रिपुघन को दिये * कृतांत सेनापति सग किये ।
लक्ष्मण अग्नि बाण धनु दिया * बिदा शत्रुघन को पुन किया ॥
मथुरा ओर शत्रुघन चाले * यमुना के तट डेरे डाले ।
गुप्तचरों को तुरत पठाया * लौट तुरत सब हाल सुनाया ॥

दोहा

मधु मथुरा पति इस समय * गया यदि उद्यान ।
निर्भय क्रीड़ा कर रहा * सुना निडर महान ॥६८९॥

चौपाई

शस्त्रागार शूल को धारा # क्रीड़ा करने आप सिधारा ।
ऐसा अवसर फेर न आओ # अच्छा समय देख चढ़ जाओ ॥
निश में मथुरा किया प्रवेशा # देखा सब रमणीय सुदेशा ।
मधु मथुरा के तट जब आया # मार्ग मधु का तुरत रुकाया ॥
हुवा दोनों में सग्रामा # विकट युद्ध कीना उस धामा ।
शत्रुघन ने मधु सुत मारा # क्रोध विकट कर मधु ललकारा ॥
धनु उठाय भूप मधु धाया # शत्रुघन के सम्मुख आया ।
अस्त्र शस्त्र बहु भाँति चलाये # शत्रुघन मन में कुँभलाये ॥

दोहा

लिया हाथ उठाय कर # धनुप लखन का हाल ।
अग्नि बाण तस धनुप पर # साम लिये तत्काल ॥६१०॥

चौपाई

अग्नि बाण से मधु सहारा # गिरा धरन पर नृप उस वारा ।
शूल हाथ नाह मेरे आया # शुभ कारज कुछ नहीं कराया ॥
जाप न कुछ जिनवर का कीना # तप सयम में ना चित दीना ॥
कर से दान सुपात्र न दीना # न कोई व्रत मुनि से लीना ॥
शुभ भावना मन में धारी # शुभ करनी मन में तब भाई ।
मर कर तीजे स्वर्ग सिधारे # देवलोक आनन्द मय भारे ॥
देख सुरों ने कुसुम गिराये # जै जै कारे कर हुलसाये ।
पुष्प वृष्टि करते सुर हुवा # आनन्द बहुत सु मन में सरा ॥

दोहा

चमर इन्द्र के तट गया # वह त्रिशूल सिधार ।
छल कर शत्रुघन दिया # मधु राजा को मार ॥ ६११ ॥

चौपाई

मित्र मरन करनन सुन पाया # चमर इन्द्र सुन धरन पधाया ।

छत्रपति लख कर हर्षाये ॥ चमर इन्द्र को वचन सुनाये
किस कारण तुम कहाँ को जाते॥ शीघ्र शीघ्र जो चरन बढ़ाते
मित्र शत्रु को मारन जाऊँ ॥ मथुरा पुरी रंग समझाऊँ।
वैणुदारी वचन सुनाये ॥ उनसे विजय होय नहिं जाये
विजय शक्ति दशकधर पासा ॥ विफल किया कर के मन हास
वासुदेव लक्ष्मण ने जीता ॥ रावण मार ले आये सीता
उस लक्ष्मण की आज्ञा पा के ॥ मधु मारा शत्रुघन ने आ के।

दोहा

चमर इन्द्र कहने लगा ॥ करके क्रोध कराल ।
शत्रुघन को जाय कर ॥ अवश हनूँ तत्काल ॥६६२॥

चौपाई

सत प्रभाव शक्ति को जीता ॥ हुई विशल्या अब पति माता।
वह प्रभाव नहिं हो सकता है ॥ मुझे कौन फिर जो सकता है॥
अवश मित्र शत्रु को मारूँ ॥ उससे मित्र का बदला निकारूँ॥
इन्द्र चला तन क्रोध समाया ॥ मथुरा नगरी में सुर आया ॥
देखा रिपु घन का शुभ शासन॥ प्रजा करती लखी विलासन ।
मथुरा में व्याधि फैलाई ॥ दुःख किये नर नारी आई ॥
नृप उपचार बहुत करवाये ॥ चारा नहीं कुछ चले चलाये।
कुल देवी का सुमरण कीना ॥ देवी ने आ दर्शन दीना ॥

दोहा

देवी बोली नृप सुनो ॥ चमर इन्द्र रिस आय ।
सुरपति ने मथुरा में ॥ व्याधि दीय फैलाय ॥६६३॥

चौपाई

यह सुन रिपु घन अवध सिधाये ॥ राम लखन को वचन सुनाये ।
कुल भूषण केवली पधारे ॥ देश भूषण संग रहे सुधारे ॥

राम लखन शत्रुघन तीनों * मुनि के चरण कमल शिर दीनों
किया प्रश्न राम हर्षाई * कृपा कर दीजे बतलाई ॥
मथुरा का क्यों आग्रह किया * ऐसा चित्त क्यों रिपुघन किया।
देश भूषण बोले मुनिराया * पूर्व भव का हाल सुनाया ॥
प्रकटा मथुरा में कई बारा * इससे मथुरा नगर पियारा।
ऐक बार श्रीधर द्विज नामा * रूपवान अति ही जिम कामा॥

दोहा

रानी ने लिया बुला * श्रीधर को निज तीर।
पास बुला कर विप्र से * कही हृदय की पीर ॥६६४॥

चौपाई

ललित गया ललिता मन भाई * तुरत लिया द्विज को बुलवाई।
नृप महलों में चरन धकाया * भय से द्विज को चोर बताया।
भूपत ने अस हुकुम सुनाया * द्विज को बध स्थल भिजवाया।
मुनि कल्याण दया मन लाई * दीना द्विज को तुरत छुड़ाई ॥
ले संयम अति ही तप कीना * आय चरम सुरपुर में दीना।
सुरपुर से चवि मथुरा आया * चन्द्रप्रभा नृप के घर आया ॥
अचल नाम पाया सुखकारा * राजा रानी को अति प्यारा।
सात भ्रात ने स्वमन विचारा * मार अचल को वैं जिय धारा।

दोहा

खबर मन्त्री को पड़ी * अचल दिया चेताय।
घर तज वन को चल दिया * अपनी जान बचाय ॥६६५॥

चौपाई

काँटा पैर लगा अति भारी * हुआ अचल को दुख अति आरी।
गिरा भूमि पर दुख अति पाया * काष्ठ भार ले इक नर आया ॥
देख दया उसके मन आई * काष्ठ भार को दिया गिराई।

काँटा आकर तुरत निकाला * कष्ट दुखी का सब ही टाला॥
बोले अचल सुनो तुम भाई * मुझ पर दया करी तुम आई।
जब तुम सुनो राज मैं पाया * सारूँ काज तेरा जो चाया॥
अचल गया कौसम्बी माँही * नृप से जाय मिले उस ठाहीं।
बाण कुशलता नृपत दिखाई * हुवा खुशी अति मन हर्षाई॥

दोहा

प्रमुदित मन हुये नृपति * मन में किया विचार।
निज पुत्री दी अचल को * छाई खुशी अपार॥६६८॥

चौपाई

लश्कर सैन मन भरा उछाया * अंग नगर ऊपर चढ़ धाया।
विजय पाय मन में हर्षाये * अरुण शत्रु बहु यहाँ से पाये॥
मथुरा पर कर चला चढ़ाई * मन में बल देखन की आई।
सातों भ्रात बाँध लिये जा के * मत्रिम करी प्रार्थना आ के॥
मत्री तुरत अचल समझाया * मत्री नृप को हाल सुनाया।
सुन कर चन्द्र प्रभा हर्षाया * धूम धाम से अचल बुलाया॥
राज अचल को हर्षा दिया * मथुरा का नृपत अस किया।
रहे भ्रात नृप के आधीना * ऐसा कृत निज मन स कीना॥

दोहा

देखा एक दिन अंक को * नाटक शाला बीच।
धक्के देते थे उसे * अनुचर छोटे नीच॥६६७॥

चौपाई

अचल नृपत ने पास बुलाया * भी बस्ती का भूप बनाया।
राज काज दोनों मिल कीना * मत्री भाव हृदय में दीना॥
समुद्राचार्य के तट आ के * दीक्षा ली दोनों हर्षा के।
काल योग से मृत्यु पा के * भटके पंचम सुरपुर जा के॥

यहाँ से च्यव भूमन्डल आये * भ्रात आप ऋपु घन हुलसाये।
सैनापति कृतान्त सिधारा * अक हुवा तस तुम अधिकारा॥
सुन कर राम अवध में आये * शत्रुघन को निज सग लाये।
प्रभापुर के नृप श्रीनन्दा * सात पुत्र आदिक सुर नन्दा॥

दोहा

अष्टम सुत प्रकट हुआ * राजा के तिस बार ।
सातों सुत के सहित नृप * दीक्षा लीनी धार ॥६६८॥

चौपाई

मुनिवर किया कार सुधारा * उनसे सयम धार सिधारा।
श्री नन्द तप किया अपारा * क्षयारा कर मोक्ष पधारा॥
सप्त मुनि हुवे जघा चारी * एक बार सातों मुनि विहारी।
करते विहार मथुपुरी आये * वर्षा ऋतु के अवसर पाये॥
पर्वत गुहा में किया निवासा * मथुरा में रक्खा चौमासा।
छट्टम अट्ठम कर उपवासा * तप करते मुनिवर मन मासा॥
पारनो जाय अन्य पुर करते * ऐसे भाव सुमन में धरते।
उनके तप सयम से माई * रोग तुरत ही गयो पलाई॥

दोहा

मुनि चरनों को धोय कर * पानी जो ले जाय।
सींचें जाकर मित्र सदन * सारा दुख मिट जाय ॥६६६॥

चौपाई

अयधपुरी मुनि पर पग धारा * अर्हत के गये घर उस वारा।
लखा मुनि को संयमयन्ता * चौमासे में कस विचरन्ता॥
सेठ कहे सुनिये मुनिराया * कैसा तुम आचार गँवाया।
भेप साधु का लख आहारा * ले उपासरे गये अनगारा॥
आचारज ने आसन दीना * विनय सहित वन्दन तब कीना।

अन्य साधु मुनि शफा आइ ॥ वन्दन नहिं करी मन लाई ॥
कर पारणा मुनिराज सिधारे ॥ पूछा करी तुरत अणगारे।
मुनि तुरत मथुरा में आये ॥ आचारज स्तुति करें बनाये॥

दोहा

स्तुति सुन कर साधु सब ॥ करते पश्चात्ताप ।
मुनि को मन से क्षमा कर ॥ प्रथक किया सताप ॥७००॥

चौपाई

अर्हत सेठ तुरत वहाँ आये ॥ सुन मुनिवर को तुरत खमाये।
कार्तिक सित सप्तमी सुधारा ॥ मथुरा पुरी गया उस बारा ॥
कर वन्दन अपराध क्षमाया ॥ मन में सेठ बहुत पछताया।
सप्त मुनि से सुश्रु सब देशा ॥ सुन पुनम को आये नरेशा ॥
विनय करी मन में सुबु मारो ॥ आदर हेत प्रभु भवन पधारो।
सुन कर मुनिवर अस फ़रमाई ॥ राज पिंड हम लेते नाहीं ॥
शत्रुघन नृप वचन उचारे ॥ रोग नसो प्रताप तुम्हारे ।
कुछ दिन और करो स्थाना ॥ यह विनती करिये प्रमाना ॥

दोहा

मुनिवर अस कहने लगे ॥ सुनो भूप धर ध्यान ।
साधु नहीं ममता करे ॥ कहिये वचन प्रमान ॥७०१॥

चौपाई

आंबिल रहो सदा करवावे ॥ रोग होय शांति वतावे ।
ऐसा कह मुनि चरन पधाये ॥ शत्रुघन मन में हर्षाये ॥
गिरि वैताढ़ रत्नपुर धामा ॥ रत्नरथ तहाँ राजा नामा ।
रूपवती अति सुता सुहाई ॥ मनोरमा सुन्दर वपु पाई ॥
तरुण भये नृप किया विचारा ॥ कौन भूप संग हो व्यवहारा ।
नारद नाम लक्ष्मण का लीना ॥ रत्नरथ सुत क्रोध सु कीना ॥

अनुचर से फर दिया इशारा ॥ नारद लक्ष कर तुरत सिधारा।
चित्र खींच कन्या का लीना ॥ आये लक्ष्मन के कर में दीना ॥

दोहा

लक्ष्मण रूप निहार कर ॥ सैन करी तैयार ।
राम लक्ष्मन दोनों चले ॥ रत्नपुर उस बार ॥ ७०२ ॥

चौपाई

विजय किया रथनुपुर आई ॥ गिरि वैताढ़ ध्यान मनधाई।
श्री रामा रघुवर को दीनी ॥ मनोरमा लक्ष्मण सग कीनी ॥
गिरि वैताढ़ विजय कर सारा ॥ मन आनन्द मनाया भारा।
साधन फर गिरि अवध पधारे ॥ होय सुमगल घर घर भारे ॥
सोलह सहस लक्षम की रानी ॥ जो पति को निश दिन सुखदानी
पटरानी थी आठ विशाला ॥ आदि विशल्या अरु वन माला॥
रत्नमाल कल्याण सुमाला ॥ सुखमाला पद्मा सुखवाला ।
अभयवती सुन्द अवधारा ॥ मनोरमा मोहनी सु नारा ॥

दोहा

ढाई सौ मदन हुते ॥ युद्ध कला सर सार ।
रूपवन्त गुणवन्त अति ॥ पूरा सुर शुभकार ॥ ७०३ ॥

चौपाई

विशल्या श्रीधर सुत नामा ॥ रूपवती पृथ्वी तिलक सु धामा।
वन माला का अर्जुन धीरा ॥ जित पद्मा का थो केश धीरा ॥
मगल कल्याणि माला जाया ॥ सुपार्श्व कीरत थनद सु पाया।
मनोरमा का सुर सद मदन ॥ मनोरमा का नद सु कदन ॥
विमल रत्न माला सुत जाया ॥ अभयवती सत कीर्ति सुहाया।
ऋतु असमान किया श्री सीया ॥ विमल सेज सैन मन दिया ॥
अष्टापद युग स्वप्न निहारे ॥ सुरपुर से सुख माँहि पधारे।

हाल राम को सभी सुनाये ॰ सुन कर राम बहुत हुलसाये॥

दोहा

देवी होयेंगे आप के * युगल पुत्र बलवान ।
अष्टापद देखे युगल ॰ होते बला महान ॥ ७०४ ॥

चौपाई

धर्म प्रभाव आप कृपा से ॰ अच्छा होगा मास बया से।
सुन कर राम मोद मन लाये ॰ प्रेम और हो गये सवाये ॥
सीता शीतल शशी समाना * सुन्दर सुखद शोभनी आना ॥
भीत सरीखा शुलन और। * सौत करै नहिं छत अघोरा ।
सौत कहो क्या करन दिखाये ॰ सौत-सौत को देख खिजावे।
सौत शत्रु से ताखी जानो ॰ सात प्रताप तेज अति मानो ॥
मंत्र से सांपणी कीली जावे * सौत मंत्र को मन नहिं लावे।
काँजी दूर रहे पय नीका * काँजी गिर फटे होय नाका ॥

दोहा

सीताजी से छल किया ॰ शोक भाव उर धार ।
रावण कैसा था बदन ॰ करो चित्र तैय्यार ॥ ७०५ ॥

चौपाई

मैंने देखा नहीं शरीरा * चित्र किस तरह करूं सुधारा।
केवल पैर निहारे मैंने * और नहीं कुछ शब्द कहे मैं ॥
अच्छा लिखकर चरन दिखाओ॰ कुछ तो उसका चिन्ह बताओ।
दशकधर के पैर बनाये ॰ उसी समय राम यहाँ आये ॥
देख राम को सौतें बोली * हृदय कपट गाँठ को खोली ।
साता प्रिय आपकी स्वामी * रावण स्मरण करै सु नामी ॥
दशकधर पद चित्र बना के * करे याद हृदय हुलसा के।
बात ध्यान में रखने योगा * शायद कभी मिले सजोगा ॥

दोहा

सोतों ने मिल सलाह कर * दासी दीं सिखाय ।
प्रजा में प्रसिद्ध यह * दीनी वात कराय ॥७०६॥

चौपाई

आया मास वसन्त सुहायन * राम कहें सुनिये मन भावन ।
गर्भ कए हो प्रथक सुकान्ता * खेलें चलकर बाग वसन्ता ॥
अति ही सुगढ़ महेन्द्रउद्याना * विनोदार्थ सुन्दर सुख नाना ।
वहाँ चल क्रीड़ा करन को * मोद विनोद सुमन भरने को ॥
वकुल वक्षरी अति सुखकारी * लता लवंग फूल रही प्यारी ।
सीता कहे दोहिला आया * पकवान पुंज तोड़ मँगवाया ॥
मंडप रचा करी तैयारी * पूरा किया दोहिला भारी ।
सीता सहित विपन में आये * उपवन में आ अति सुख पाये ॥

दोहा

विविध वसन्त विनोद में * मचा रहे बहु ख्याल ।
सीधा लोचन सिय का * फड़क उठा तत्काल ॥७०७॥

चौपाई

सीधा फड़कत देखा नैना * शक भइ मन हुआ कुचैना ।
काँपन लगी सिया की काया * हा पुन्य यह सकट फिर आया ॥
उमगा हिया नैन जल छाया * प्रथम सकट बहुत उठाया ।
सिया राम से कहे विशेषा * सुन कर सोचें राम नरेशा ॥
सीधा नैन नहीं हो नीका * बोली सुन कर वचन पति का ।
निश्चर द्वीप देव ने दिया * पर सतोप न अब तक किया ॥
सुन कर रघुवर धीर बँधाया * कमलानन कैसे मुरझाया ।
नियम धरम से दुःख विसराओ * होगी होनहार सुख पाओ ।

दोहा

काटा है दिन वर्ष सम * मन अति हुआ उदास ।

जाने हैं सब केवली * जो प्रकटा दुख तास ॥७०८॥

चौपाई

आरत हरन करन रघुराया * जनक सुता का मान बढ़ाया।
घट घट महल महल यश छाया * हृष सिया के मन प्रकटाया॥
महिमा विश्व बढ़ी सीता की * सौतन शोच करें अति ताकी।
विजय सुरदेव सुजाना * पिंगल कश्यप अरु मधुमाना॥
कालक्षेम इत्यादिक नाना * रहें गुप्तचर नम्र विधाना।
राम निकट आये घर धीरा * थरथर काँपे होय अधीरा॥
राम कहें सुनिये चित्त लाइ * अभय किया रहो मन में भाई।
हाल सत्य जो होय सुनाओ * अपन मन में मता डराओ॥

दोहा

अभय वचन सुन राम के * बोला विजय प्रधान।
हे स्वामी इक बात है * सुनिये धर कर ध्यान॥७०९॥

चौपाई

सिय अपवाद लोग करते हैं * सीताजी के सिर धरते हैं।
हरण करी दशकन्धर सिया * कैसे रावण ने तज दिया॥
जब मोअम भूखे तट आवे * कैसे उन्हें कहो नहीं खावे।
सम्पट के सग लिया अकेली * होय निकट यदि नार नवेली॥
कैसे कर वह उसको त्यागे * होय असम्भव कंठ न लागे।
यह अपवाद अवध में जारी * चरचा करें मगर नर नारी॥
दिनकर सम तप तेज तुम्हारा * अब घर घर अपयश है भारा।
सुन कर राम मौनता धारी * मन में अपने बात बिचारी॥

दोहा

किया काज तुमने परम * अच्छा सुनो सुधार।
चेताया मुझ आन कर * मानूँगा उपकार॥७१०॥

चौपाई

गुप्तचरों को दीई विदाई * अपने मन सोचा रघुराई ।
उसी रात को बाहर आ के * गली-गली विपन में आ के ॥
चरचा सुनी लगा कर काना * कहते सुने लोग स्याना ।
सुन कर राम महल में आये * अन्य गुप्तचर पुन पठाये ॥
समाचार पुन बोही दिये * सुन कर राम मौन धर लिये ।
लखन क्रोध कर बोले बैना * हुये लाल बरण दोऊ नैना ॥
तुरत लखन ने बाण सँभाला * दुष्टों को मैं काल समाना ।
जल पर यदपि तरैं पाषाण * पश्चिम दिश चाहे ऊगे भाना ॥

दोहा

चाहे वैश्या हो सती * सुधा हलाहल होय ।
रवि से तम चाहे हो प्रगट * गौ पद सिन्ध समोय ॥७११॥

चौपाई

जल भीतर चाहे घरनी लागे * चाहे सिंह गिद्ध लख भागे ।
चाहे कमल प्रकटे पत्थर पे * आम्र लगें कीकर तरवर पे ॥
ऐसे होय उपद्रव भारी * सत्य तजे नहीं सीता नारी ।
यह सुन कहें राम सुन भ्राता * सुनी जाय नहीं ऐसी बाता ॥
सीता को महलों से टारूँ * सिर से अपयश भार उतारूँ ।
बोले लखन तुरत खिसयाई * नम्र शीश हूँ हुकम कराई ॥
मुख पर वचन सिय के लाये * मायाप्रवर दयड यह पाये ।
सीता सती जगत सब जाने * सुरनर मुनि सब मन में माने ॥

दोहा

लिया तुरत बुलाय कर * कृतान्त वक्र को पास ।
सीता को घर से अलग * दीजे तुरत निकास ॥७१२॥

चौपाई

निर्भय विपन जाय तज आजे * ममता नेक नहिं मन में कीजे ।

सुनकर वचन लखन विलखाये * राम चरन पद वचन सुनाये ॥
सीता नहीं त्यागने योगा * महासती किम सहै वियोगा ।
कहने में नहीं है कुछ सारा * रघुवर मुख से वचन उचारा ॥
देखे काल रूप थी रामा * लखन गये तज कर निज धामा ।
गिरि समेत का करो बहाना * वन में सिय का तज कर आना ॥
जा वृतान्त सुनाई वाता * होगई सिया चलन को साता ।
रथ को आगे तुरत बढ़ाया * गंगा निकट यान झट आया ॥

दोहा

सीता को अशकुन बहुत * हुये पथ में आय ।
मन में अति घबरा रही * मुख से कहा न जाय ॥७१३॥

चौपाई

गंगा के उतरे जब पारा * सिंह निनाद विपन मंझारा ।
रथ को वहीं खड़ा कर दिया * सोच अधिक निज मन में किया ॥
मुख मलीन धुनि भई काया * जल आकर नैनों में छाया ।
सीता देख स्वमन घबराई * सैना पति को गिरा सुनाई ॥
सेनापति कहि कारन रोया * धीरज कहो किस तरह खोया ।
सैनापति बोले कर जोरी * माता सुनो विनय यह मोरी ॥
धिक धिक दास कर्म जगमांही * परतन्त्रता जैसो दुख नाहीं ।
जग करता अपवाद तुम्हारा * राम महल से तुम्हें निकारा ॥

दोहा

रावण के अपवाद से * तुम को दिया निकाल ।
गुप्तचरों ने मन्न का * आन सुनाया हाल ॥७१४॥

चौपाई

लक्षमण क्रोध किया अति भारा * राम आज्ञा से महल सिधारा ।
फिर आज्ञा मुझ को दे दीनी * सेवक आज्ञा पूरी कीनी ॥

पुण्य आपका यहाँ रखवाला * वो ही रक्षा करे समाला।
सुन कर वचन सिया मुरझाई* रथ से गिरी तुरत गश खाई॥
सैना पति अति रुदन मचाया * हाय हाय कर बहु चिल्लाया।
वन में शीतल चली समीरा * सीता के जब लगी शरीरा॥
होश हुआ सीता को आई * सेनापति को गिरा सुनाई।
अवधपुरी है कितनी दूरा * मुख से कहो सत्य तुम शूरा॥

दोहा

वचन कहे सैनापति * सुनो मात धर ध्यान।
अवध पुरी बहु दूर है * कोसों विनय प्रमान॥७१५॥

चौपाई

रघुवर से कहना तुम जा के * बात न रखना कुछी छुपा के।
लोकपवाद सुना जब मेरा * किया नहीं क्यों प्रयत्न सवेरा॥
लेते आन परीक्षा मेरी * बुद्धिमता से करते जेरी।
मद भागनी सीता भारी * वन में सकट सहे अपारी॥
दुर्जन वचन वाण सम लागा * सुन कर जैसे मुझ को त्यागा।
मात मान दुष्टों का कहना * जैन धर्म को मत तज देना॥
इतना कह पुन गिरी धरन में * कसर नहीं कुछ रही मरन में
सावधान होकर पुन बोली * फिर नैनों की पुतली डोली॥

दोहा

सीता बोली पुन वचन * सैनापति से आय।
कहना हरि से जाय कर * मेरी इतनी जाय॥ ७१६॥

चौपाई

होय राम कल्याण तुम्हारा * लक्ष्मण को आशीश हमारा।
सुन कर सेनापति सिधारा * सीता तजी विपन मझधारा॥
जनक-सुता वन भटकत डोले * मुख स राम-राम ही बोले।

विलख विलख सिय रोवे घन में॰ धीर धरे नहीं किंचित मन में॥
निज मुख से नहीं राम उचारा॰ विश्वासी दिया देश निकारा॥
निज आनन जो वचन सुनाते ॰ रसना श्रम कर तनिक हिलाते।
आज्ञा तन नहिं धरना देती ॰ न कुछ मैं अनशन कर लेती।
नहीं कूप सागर में पड़ती ॰ ना फाँसी के ऊपर चढ़ती॥

दोहा

सुन कर सिय के रुदन को ॰ सोचे यक्ष नरेश।
यह करुणामय कहाँ से ॰ आते शब्द विशेष॥७१७॥

चौपाई

सुन कर रुदन भूप तट आया॰ देख सती को सोच बढ़ाया।
धरे आभरण सिया उतारी ॰ बोली अस सतवन्ती नारी॥
देख आभरण नृप मन सोचा ॰ कैसा समय आ गया पोचा।
वहम न शका मन में धारो ॰ अभय हो शृंगार सुधारो॥
अपना सकल हाल समझाओ ॰ वन आने का सबब बताओ।
मंत्री सुमत कहे अस बैना ॰ यह नृप वज्र जघ सुन बैना॥
पुडरीक पुर के यह राजा ॰ करें राज के सुन्दर काजा।
श्रावक भूप महा सतधारी ॰ मात बहन समझे पर नारी॥

दोहा

गज पकड़न के हेत नृप ॰ आये विपिन मझार।
रुदन शब्द तुमरे सुने ॰ इससे दुखित अपार॥७१८॥

चौपाई

हाल सती ने दिया सुनाई ॰ कहत कहत हिलकी भर आई।
गद्-गद् हुये राय के नैना ॰ धीर बाँध बोले अस बैना॥
धर्म बहन तुम को मैं मानी ॰ कहूँ सत्य मुख से मैं बानी।
लोक अपवाद से हरि ने त्यागा॰ रंज तजो तुम मम शुभ लागा॥

मामण्डल सम मैं तब भाइ * मेरे ग्रह रहो बेन आ छाइ ।
शिवका तुरत मँगा भूपाला * सीता को उसमें बैठाला ॥
नगर पहुँच शुभ महल दिया * सादर भूप स्वागत किया ।
धर्म ध्यान कर समय निकारे * मन में खिन्न राम का धारे ॥

दोहा

सैना नायक सब विया * हाल सुना उस धार ।
कहते कहते नेन से * गिरा अश्रु का धार ॥७१६॥

चौपाई

सिंह निनाद विपन कर आया * एक सदेश तुम्हें भिजवाया ।
एक पक्ष की सुन-सुन बातें * राम न करते ऐसी घात ॥
किसी नीत में यह नहिं आया * एक पक्ष में नियाय पाया ।
हैं अभाग्य मरा अस भारी * जो मुझ को रघुनाथ विसारी ॥
सुन अपवाद राम ने त्यागा * मन में नहिं विचार कुछ पागा ।
मिथ्यावत के सुन कर वना * जैन धर्म को मत तज देना ॥
इतना कह गिरा भू मुरझाइ * मने रथ दिया अम बढ़ाइ ।
आ कर हाल सुनाया सारा * सुन कर मन में राम विचारा ।

दोहा

सीता मुर्छित पुन भई * कह कर सारा ध्यान ।
बिन मेरे कैसे रहें * जीवित राम सुजान ॥ ७२० ॥

चौपाई

सुन कर वचन मूर्छा आइ * गिरे सिंहासन से भू आई ।
लाकर चन्दन का जल डाला * लक्ष्मन ने आ तुरत सँभाला ॥
बोले राम कहाँ है सीता * महासती यह परम पुनीता ।
लोक अपवाद जान कर त्यागा * क्या मन बीच उपद्रव जागा ॥
कहन लगे लक्ष्मण लघु भ्राता * जीवित हो वन सीता माता ।

विरह आप के में मर जाना * मैंन मन में ये ही जाना ॥
मरने से पहिले पग धारो * दास विनय का तुम श्रुत धारा
सुन कर वचन राम कर ध्याना" मँगवा लीना तुरत विमाना ॥

दोहा

कपि पति अरु कृतान्त को * लीना रघुवर साथ।
चले यान आसीन हो * रघुवर मलत हाथ ॥ ७२१ ॥

चौपाई

सिंह निनाद विपन में आये * तुरत विमान मही पर लाये।
जहाँ सिया को थी छिटकाई * वहा नहीं पुन साता पाई ॥
जल थल गिरि गुहा सकल निहारा * हाथ शीश निज दे-दे मारा।
कै चीता के वाघ सताया * या कोई अरु जन्तु न खाया ॥
यह विचार कर राम सुजाना * आरत करें शोक मन ठाना।
लौट अवध म रघुवर आये * लक्ष्मण को सब वचन सुनाये ॥
आस्त क्रोध शोक मन छाये * राम अधिक मन में घबराये।
मृतु कर्म सिय के सब किये * राम दुखी भर आय हिये ॥

दोहा

वज्रजंघ भूपाल के * साता जाये लाल ।
अमग लवण मदनांकुश * युगल पुत्र सुविशाल ॥७२२॥

चौपाई

आनन्द मंगल भूप मनाये * प्रचलित लव कुश कहलाये।
पाच धाय कमियाँ ले लालन * प्रेम युक्त करती है पालन ॥
मान कला सम दिन-दिन बढ़ते * छवि वपु में निश वासर चढ़ते।
चाल कला जब करने लागे * वज्रजंघ नैनों के आगे ॥
भूपत देख आनन्द मनाये * हर्ष हृदय नहीं बीच समाये।
सिद्धार्थ मुनि अणुव्रत धारी * विद्यावल में कुशल सुमारी ॥

देश विदेश सब इच्छा चारी * अघाचारी गगन विहारी ।
सिय के भवन चरन मुनि धारे * भोजन पानी हेत पधारे ॥

दोहा

सीता पूछे शान्तिता * मुनि बोले हर्षाय ।
गुरु प्रसाद मन शान्ती * सिद्ध कार्य कियो आय ॥७२३॥

चौपाई

सीता का शुभ कर मुनि हाला * सिद्धार्थ शुभ शब्द निकाला ।
चिंता करो न किंचित मन में * लछमण श्रेष्ठ पढ़े इन तन में ॥
राम लखन सम ही यह धीरा * दें सदा तुमरे मन धीरा ।
पूर्ण करें मनोरथ सारे * होंय सुफल मन काज तुमारे ॥
साग्रह सिया किया अति भारा * शिक्षा हित मुख वचन उचारा ॥
सिद्धारथ ने हर्ष पढ़ाई * लव कुश को विद्या सिखलाई ॥
सारी कला साख युग भाई * माता को सब दिया सुनाई ।
युवा अवस्था में पग धारा * काम बसन्त मनो वपु प्यारा ॥

दोहा

वज्रजंघ ने निज सुता * लव को दी परनाय ।
शशि चूला रानी सुगढ़ * सतवती कहलाय ॥७२४॥

चौपाई

कुश के व्याहन की मन लागी * पृथु भूप की कन्या माँगी ।
पृथुभूप करके अभिमाना * वज्रजंघ का वचन न माना ॥
कैसे कन्या हूँ तुम आना * जिसके वंश का नहीं ठिकाना।
सुन वज्रजंघ रिसियाये * युद्ध करन को तुरत सिधाये ॥
व्याघ्ररथ भूप बाँध झट लिया * ऐसा प्रबल युद्ध नृप किया ।
पोतनपुर का नृप चढ़ आया * वज्रजंघ निज सुतन बुलाया ॥
लव कुश संग चलो युग भाई * नहिं माने की बहुत मनाई ।

पहुँचे युद्धक्षेत्र में आइ * लव कुश द्वय रहे युग भाई ॥

दोहा

दोनों सेनाओं में * युद्ध हुआ घमसान ।
शत्रु दल घर पड़ गया * होकर के बलवान ॥७२५॥

बहर खड़ी

दोनों सेना युद्धस्थल में * अपना पराक्रम दिखाती हैं ।
भर रही है विजय कामना मन * नहिं पीछे चरन बढ़ाती हैं ॥
बलवान शत्रुओं के दल ने * नृप दल को तुरत परास्त किया।
मामा की पराजय देख समर * लव कुश ने आकर चरन दिया॥
नाना प्रकार के शस्त्रों को * रिपु पै तुरत चलाया है ।
यह विकट मार नहिं सहन हुई * शत्रु का दल घबराया है ॥
जय समर छोड़ भागन लागे * अंकुश ने हँस कर बचन कहा।
प्रख्यात वंशवाले होकर * नहिं सम पर मेरा वार सहा ॥

दोहा

ऐसी वानी श्रवण कर * लौटा प्रथु राज ।
नम्र भाव से कहे रहा * बचन भूप स लाज ॥७२६॥

बहर खड़ी

देखा भारी बल आपका अब * सब यश हाल पहिचान लिया।
पराक्रमी वीर उच्च वंशज * पराक्रम से मैंने जान लिया ॥
नृप वज्रजघ ने मम कन्या * कुश के हित मुझ से माँगी है।
कन्या देना स्वीकार मुझे * कन्या मेरी बड़ भागी है ॥
तब नृपवरों के ही सम्मुख * प्रथु राजा ने वचन दिया ।
शुभ समय मुहूर्त लग्न देख * कुश के संग तुरत विवाह किया
कोई दिन रहे छावनी में * नारद मुनि वन में आये हैं ।
लव कुश के वंश के सब वृतान्त * प्रभु को सभी सुनाये हैं ॥

दोहा

बोले नारद हर्ष कर * सुनो हमारी बात ।
कुल इन का क्या पूछते * विश्व घना विख्यात ॥७२७॥

बहर खड़ी

जिस कुल की उत्पत्ति प्रथम ही * भगवान ऋषभ के हाथ हुई ।
जिस कुल में सु प्रसिद्ध भरत * सम्राट् कीर्ति जिन साथ हुई ॥
बलदेव और वसुदेव अवध * पुर में जिस कुल के राजा हैं।
जिस कुल की आन है तीन खंड * माने यश सकल समाजा है ॥
उस ही कुल में बलदेव राम * उनके यह दोनों बालक हैं।
अष्टापद के सुत अष्टापद * और शत्रु कुल के घालक हैं ॥
जिस समय गर्भ में यह दोनों * माताजी के बहलाने को ।
अपवाद जान कर जनता का * निज सिर से उसे छुड़ाने को ॥

दोहा

अवध पुरी यहँ से कहो * है मुनि कितनी दूर ।
करें वास जहँ पर पिता * कुटुम्ब सहित भर पूर ॥७२८॥

बहर खड़ी

सुन कर उत्तर नारद दिया * यह अवधपुरी है दूर बहुत ।
जहाँ राम रहें निर्मल चरित्र * बाल हैं संग में शूर बहुत ॥
योजन हैं एक सौ साठ सुनो * जहाँ राम सुहाई फिरती है ।
होता है जै जै कार सदा जहाँ * क्षमा शांति युग मिरती है ॥
यह सुन कर वज्रजंघ नृप से * होकर विनीत यों अर्ज़ करी ।
हम देखें राम राज्य आ कर * देखन की मन में हौंश भरी ॥
कैसे हैं राम लखन दोनों * जिसने दशकन्धर को मारा ।
विद्याधर सेना के सहित बली * रावण को जिसने संहारा ॥

दोहा

लव अंकुश की बात को * भूप करी स्वीकार ।

पहुँचे युद्धक्षेत्र में आइ * लव कुश इय रहे युग भाई ॥

दोहा

दोनों सेनाओं में * युद्ध हुआ घमसान ।
शत्रु दल पर पड़ गया * होकर के बलवान ॥७२५॥

बहर खड़ी

दोनों सैना युद्धस्थल में * अपना पराक्रम दिखाती हैं ।
भर रही है विजय कामना मन * नहिं पीछे चरन बढ़ाती है ॥
बलवान शत्रुओं के दल ने * नृप दल को तुरत परास्त किया।
मामा की पराजय देख समर * लव कुश ने आकर चरम दिया॥
नाना प्रकार के शस्त्रों को * रिपु पै तुरत चलाया है ।
यह विकट मार नहिं सहन हुई * शत्रु का दल घबराया है ॥
जब समर छोड़ भागन लागे * अंकुश ने हँस कर वचन कहा।
प्रख्यात् वंशवाले होकर * नहिं रण पर मेरा वार सहा ॥

दोहा

ऐसी बानी श्रवण कर * लौटा मधु राज ।
मन्द भाव से कह रहा * वचन भूप स लाज ॥७२६॥

बहर खड़ी

देखा भारी बल आपका जब * सब वंश हाल पहिचान लिया।
पराक्रमी वीर उच्च वंशज * पराक्रम से मैंने जान लिया ॥
नृप वज्रजंघ ने मम कन्या * कुश के हित मुझ से माँगी है।
कन्या देना स्वीकार मुझे * कन्या मेरी बड़ भागी है ॥
सब नृपवरों के ही सम्मुख * मधु राजा ने वचन दिया ।
शुभ समय मुहूर्त लग्न देख * कुश के संग तुरत विवाह किया
कोई दिन रहे छावनी में * नारद मुनि वन में आये हैं ।
लव कुश के वंश के सब वृतान्त * प्रभु को सभी सुनाये हैं ॥

बहर खड़ी

दीनी आशीश सिया खुश हो * हो राम लखन से बल शाली।
यश ध्वजा गगन में उड़े सदा * दीरत छाये क्षित निरयाली॥
अवसर समाल नृप बज्रजंघ * लव अंकुश से यों कहन लगे।
है समय तात से मिलने का * शुभ अवसर कर में गहन लगे॥
कुन्तल कालर्बु लम्पाक शलभ * रुम अनलशूल संग राजे हैं।
रथ पैदल गजपालकी अश्वसव * अवधपुरी को साजे हैं॥
यह सुनकर परम पावनी सिय * लवकुश से बचन उचारे हैं।
वह राम लखन दोनों भ्राता * अति बांके वीर जुझारे हैं॥

दोहा

ऐसा साहस मत करो * मानो बचन हमार।
तीन खंड का अधिपति * जिसे किया असुरार॥७३२॥

बहर खड़ी

दल बल संग ले कर मत जाओ * यह मानो बचन हमारा है।
अन्यथा युद्ध आकर मिलना * बेटा यह धर्म तुम्हारा है॥
हे मात आपका परित्याग * करके शत्रुता कमाई है।
इस कारण प्रेम भाव कर के * जाने में कौन बड़ाई है।
इस रीति हमारे जाने में * उन को भी लज्जा आयेगी।
यदि युद्ध आयहन दें उनको * तो बात मात रह जायेगी॥
वीरों का धर्म यही जननी * चरित्य दिखा कर मिल जाना।
मात पिता के चरणों में * चरित्य दिखा कर गिर जाना॥

दोहा

सुन कर चुप सीता रही * उत्तर नहीं दिया।
दोनों ने संग सैना ले * तुरत पयान किया॥७३३॥

बहर खड़ी

भरी सैना के संग अयोध्या को * हो गये रवाना हैं।

कनक माल को प्रभू ने * रथ में करी सवार ॥७२६॥

चहर खड़ी

कर विदा कनक माला को दी * प्रभू के सग भूपाल चले।
लव अंकुश वज्रजग भूपत * सेना के सहित नृपाल चले॥
मार्ग में विजय बहु देश किये * पुन लम्पापुर तट आया है।
शुभ विपिन देख करके लव ने * लश्कर को वहीं टिकाया है॥
आया कुबेर कान्त राजा * लव का सारा दल घेर लिया।
मृगों के झुन्ड में यों मृगपति * लव का अंकुश ने ढेर किया॥
कर विजय अगाड़ी धरे चरन * आठ शत भूपत जीता है।
गंगा को कर के पार चले * युग भ्रात बड़े निर्भीता हैं॥

दोहा

चाले हैं उत्तर दिशा * दोनों भ्रात अभीत।
नन्दन चारु नृपत को * लिया सहज ही जीत ॥७३०॥

चहर खड़ी

कुंतल कालाबु नवि नन्दन * सिंहल अरु अमल शूर सारे।
जीते हैं शलभ भीम आदिक * नृप बड़े बड़े यश दल धारे॥
आकर के सिन्धु किनारे पर * पुन विजय पताका फहराई।
माता के चरण परसें ने की * युग भ्रातों के मन में आई॥
फिर पुन्डरीक पुर का मार्ग * हर्षा दोनों ने लिया है।
कुछ चन्द रोज के अरसे में * अपने नगर पग दिया है॥
निज विजय पताका फहराते * माता के महलों आये हैं।
अति विनय सहित दोनों बन्धव* चरनों में शीश झुकाये हैं॥

दोहा

चरन कमल निज मात के * परसें प्रेम बढ़ाय।
मस्तक सूँघा मात ने * दी आशीष हर्षाय ॥७३१॥

लव कुश ने मन प्रसन्न होय # मामा को नमस्कार किया।
मामण्डल ने मस्तक चूमा # खुश होकर आशिर्वाद दिया॥
मम बहन वीर पत्नी प्रथम थी # अब यह शुभग घड़ी आई।
सद्भाग से हुई वीर गर्भा # पुन वीर माता भी कहलाई॥
सुत वीर हुये तुमरे समान # जिनकी जग में प्रभुताई है।
निर्मलता सुर सर सलिल शुभ्र सो गुन शशि से उजलाई है॥

दोहा

काका के अरु पिता के # करो न सग सग्राम।
अचल अद्वितीय भ्रात युग # समर युद्ध के धाम॥७२६॥

बहर खड़ी

दोनों भाई हैं वीर प्रबल # अतुलित बल पौरुष भारा है।
अष्टापद राम लखन दोनों # जिन रावण रोह सहारा है॥
जिसकी भृकुटी पर बल आते # घन वारिधार को छोड़े था।
सुर असुर भाग भर हार ये # नहिं कोई नैना जोड़े था॥
ऐसे रावण को राम लखन ने # बुरी तरह से मारा था।
विद्या बल भुज बल सैना बल # भारी को तुरत पछारा था॥
ऐसे हैं वीर पिता काका तुमरे # तुम मत सग्राम करो।
सो कहन हमारी मान पुत्र # मिल कर के सग विश्राम करो॥

दोहा

मामा आप स्नेह वश # रहे भीरता दिखाय।
ऐसे ही माता ने हमें # चाहा प्रेम कराय॥७२७॥

बहर खड़ी

माना कि यह हैं वीर महा # उन से हमरी सामर्थ्य नहीं।
सग्राम छोड़ कर आयें भाग # इसका भी कोई अर्थ नहीं॥
फिर कहो पिता से मिलने का # क्या मार्ग और विचारा है।

पहुँचे जा निकट अयधपुर के ✿ पुर याहर दल ठहराया है ॥
जय राम लखन को खयर पड़ी ✿ कोई शत्रु दल चढ़ आया है।
सुन कर के लक्ष्मण कहन लगे ✿ यह क्यों मन में गर्माया है ॥
जिस तरह अग्नि की लौ लखकर ✿ लड़ने को पतंगी धाता है।
नहीं कुछ यिगड़ा है धरनी का ✿ यों अपने पंख जलाता है ॥
यस इसी तरह से शत्रु दल ✿ यह अपना नाश करावेगा।
क्या भान के आगे है जुगनू ✿ भुनगे की तरह मर जावेगा ॥

दोहा

समर करन को चल दिये ✿ राम लखन युग वीर।
सुग्रीवादिक संग में ✿ यड़े यड़े रणधीर ॥ ७२४ ॥

यहर खड़ी

आ के नारद सीता का जिक्र ✿ भामंडल को समझाते हैं।
सीता है पुंडरीक पुर में ✿ यह वियान सभी पहुँचाते हैं ॥
भामण्डल बैठ विमान शीघ्र ✿ सीता के सम्मुख आये हैं।
कर जोड़े हुये चरन आ के ✿ सब समाचार सुन पाये हैं ॥
सीता भामण्डल यालों ही ✿ जाने को समर तैयार हुये।
नहीं यार करी किंचित महलों ✿ आकर विमान असवार हुये ॥
अति शीघ्र गति धारण करके ✿ दल में विमान जब आया है।
दोनों सुत सिंह समान देख ✿ सीता का मन हर्षाया है ॥

दोहा

सीता माता के युगल ✿ चरनों शीश नमाय।
नमस्कार कर मात को ✿ बैठे हैं तट आय ॥ ७२५ ॥

यहर खड़ी

सीता माता जब लव कुश से ✿ कृपा कर यचन उचरती हैं।
मामा तुमरे हैं भामण्डल ✿ समझा कर मन को भरती हैं ॥

लव कुश ने मन प्रसन्न होय * मामा को नमस्कार किया।
मामण्डल ने मस्तक चूमा * खुश होकर आशिर्वाद दिया॥
मन चहन वीर पत्नी प्रथम थी * अब यह शुभग घड़ी आई।
सद्भाग से हुई वीर गर्भा * पुन वीर माता भी कहलाई॥
सुत वीर हुये तुमरे समान * जिनकी जग में प्रभुताई है।
निर्मलता सुर सर सलिल शुभ्र* सो गुन शशि से उजलाई है॥

दोहा

काका के अरु पिता के * करो न संग संग्राम।
अचल अद्वितीय भ्रात युग * समर युद्ध के धाम॥ ७३६॥

बहर खड़ी

दोनों भाई हैं वीर प्रबल * अतुलित बल पौरुष भारा है।
अष्टापद राम लखन दोनों * जिन रावण सिंह संहारा है॥
जिसकी भृकुटी पर बल आते * घन वारिधार को छोड़े था।
सुर असुर नाग नर हार थे * नहिं कोई जैसा जोड़े था॥
ऐसे रावण को राम लखन ने * बुरी तरह से मारा था।
विद्या बल भुज बल सैना बल * भारी को तुरत पछारा था॥
ऐसे हैं वीर पिता काका तुमरे * तुम मत संग्राम करो।
लो कहन हमारी भाग पुत्र * मिल कर के संग विश्राम करो॥

दोहा

मामा आप स्नेह वश * रहे भीरुता दिखाय।
ऐसे ही माता ने हमें * चाहत चैन कराय॥ ७३७॥

बहर खड़ी

माना कि यह हैं वीर महा * उन से हमरी सामर्थ्य नहीं।
संग्राम छोड़ कर जायें भाग * इसका भी कोई अर्थ नहीं॥
फिर कहो पिता से मिलने का * क्या मार्ग और विचारा है।

ऐसा यतलाओ पथ कोइ * अपमान न होय हमारा है ॥
यहाँ पर यह परामर्श होता * संग्राम भूमि संग्राम छिड़ा ।
ले ले कर शस्त्र युद्धस्थल * वीरों से आकर वीर भिड़ा ॥
जब लगे बाण बर्षन भूमि * ज्यों प्रलय काल की हो वर्षा ।
प्रारम्भ युद्ध हो गया यहाँ * मरते उत्साह वीर हर्षा ॥

दोहा

आशका से यान में * हो कर तुरत सवार ।
भामडल आये यहाँ * जहाँ युद्ध सर सार ॥७३८॥

बहर खड़ी

